भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 6304
गुरुवार, 2 अप्रैल, 2026/12 चैत्र, 1948 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

तमिलनाडु में विमानपत्तन अवसंरचना का विकास

6304. डॉ. एम. के. विष्णु प्रसादः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उड़ान योजना के प्रारंभ होने के बाद से तमिलनाडु और अन्य दक्षिणी राज्यों में कितने विमानपत्तनों को विकसित किया गया है अथवा उनका उन्नयन किया गया है;

(ख) क्या किन्हीं क्षेत्रीय मार्गों को बंद कर दिया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) उड़ान योजना के अंतर्गत मार्गों और प्रचालकों के चयन हेतु उपयोग किये गये मानदंड क्या हैं; और

(घ) तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले के नेयवेली विमानपत्तन पर वाणिज्यिक प्रचालन शुरू होने की स्थिति क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क): क्षेत्रीय संपर्क योजना - उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-'उड़ान') के तहत, तमिलनाडु राज्य में आरसीएस उड़ानों के विकास और परिचालन के लिए चार हवाईअड्डों नामतः सेलम, वेल्लोर, नेयवेली और तंजौर की पहचान की गई है।

(ख): तमिलनाडु राज्य में आरसीएस-'उड़ान' योजना के तहत कुल 26 मार्गों को प्रचालनरत किया गया है, जिनमें से 20 मार्ग वर्तमान में तमिलनाडु राज्य में प्रचालनरत हैं।

देश के शहरों के बीच किसी भी उड़ान का परिचालन बंद करना, मार्ग की आर्थिक और परिचालन व्यवहार्यता एवं अन्य संबंधित कारकों के आधार पर मुख्य रूप से एयरलाइनों का वाणिज्यिक निर्णय होता है। इसके अतिरिक्त, तीन वर्ष की व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) अवधि का पूरा होना, खराब दृश्यता परिस्थितियां, केवल दृश्य उड़ान नियम (वीएफआर) - वाले हवाईअड्डों पर दिन के समय रनवे प्रतिबंध, विमानों की कमी, पट्टे से संबंधित मुद्दे, मार्गों का नवीकरण और कम यात्री लोड फेक्टर जैसे कारकों ने भी कुछ मार्गों के बंद होने में योगदान दिया है।

(ग): 'उड़ान' योजना के तहत, एयरलाइन प्रचालकों का चयन पारदर्शी बोली प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है, जिसमें योजना के प्रावधानों के अनुपालन में, प्रति सीट न्यूनतम व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) कोट करने वाले योग्य बोलीदाताओं को मार्ग अवार्ड किए जाते हैं। बोली के पश्चात, कार्यान्वयन एजेंसी आशय-पत्र (एलओआई) जारी करती है, जिसके लिए विमान और चालक दल की उपलब्धता, प्रस्तावित अनुसूची और संबंधित प्राधिकारियों

के साथ समन्वय सहित विस्तृत परिचालन योजना प्रस्तुत करने की आवश्यकता होती है। इन अपेक्षाओं को संतोषजनक ढंग से पूर्ण करने के आधार पर मार्ग अवार्ड किए जाते हैं।

(घ) : नेयवेली हवाईअड्डे पर भौतिक विकास कार्य पूरे हो गए हैं। वर्तमान में, लाइसेंसिंग और समग्र परिचालन की दृष्टि से तैयार होने से संबंधित प्रक्रियाएं चल रही हैं। नेयवेली हवाईअड्डे से आरसीएस मार्गों का प्रचालनीकरण हवाईअड्डे के तैयार होने के अध्यधीन है।

*****